-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 24.09.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **मिशन शक्ति 5.0 अभियान के क्रम थाना कमासिन की मिशन शक्ति टीम द्वारा कम्पोजिट विद्यालय अमलोखर में बच्चों तथा स्थानीय महिलाओं को एकत्रित कर जागरुकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन। बच्चों को सरल भाषा में गुड टच- बैड टच के बारे में दी गई जानकारी।**

विवरण- मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन श्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाए जा रहे **मिशन शक्ति 5.0** अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में थाना कमासिन की मिशन शक्ति टीम द्वारा कम्पोजिट विद्यालय अमलोखर में बच्चों तथा स्थानीय महिलाओं के साथ जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मिशन शक्ति टीम ने बच्चों को सरल भाषा में बताया कि किस प्रकार का स्पर्श उनके लिए सुरक्षित (गुड टच) है और कौन सा असहज या गलत (बैड टच)। टीम द्वारा बच्चों को यह भी बताया गया कि यदि कोई उन्हें गलत तरीके से छूता है, तो डरने की बजाय तुरंत अपने माता-पिता, शिक्षक या पुलिस को इसकी जानकारी दें। इसके अतिरिक्त बाल यौन शोषण, बाल मजदूरी, चाइल्ड ट्रैफिकिंग, साइबर अपराध, और अन्य बाल अपराधों के विषय में भी बच्चों को अवगत कराया गया। मिशन शक्ति टीम ने बच्चों को **1098 (चाइल्डलाइन हेल्प नंबर)** एवं **112 (पुलिस आपातकालीन सेवा)** के बारे में भी जानकारी दी, ताकि आवश्यकता पड़ने पर वे सहायता प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं शासन द्वारा उनकी सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई।